आज दिनांक 29.03.2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से यह भ्रमण आयोजित हुआ। इस औद्योगिक भ्रमण पर बी० बी० ए० एवं बी० बी० ए० (कैम) के छात्र एवं छात्राएं उनके पाठ्यक्रम के अनुसार एम० ए० ए० सी० इंस्टिट्यूट सोनिया यादव एवं रचना सोरोत के निर्देशन में गए। वहां पर प्लांट हेड श्री राहुल सिंघल ने सभी छात्र एवं छात्राओं को अपने पूरे इंस्टिट्यूट का भ्रमण कराया व सभी विभागों की जानकारी दी। उन्होनें विद्यार्थियों को एनिमेशन के नए-नए सॉफ्टवेयर से भी अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के सभी सवालों का विनम्रतापूर्वक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र में भविष्य में होने वाली रोजगार के अवसरों के बारे में भी बताया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस तरह के औद्योगिक भ्रमण को भविष्य में दोहराने की मांग की। यह भ्रमण अत्यंत सफल रहा। इसका संयोजन डॉ० शिल्पा गोयल के कुशल नेतृत्व में हुआ।